हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 6 नवंबर 2024



# 3100 के दाम ने बढ़ाया खेती का क्रेज, पहली बार 11 हजार नए किसान बेचेंगे धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य में भाजपा सरकार के काबिज होने के बाद 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी किए जाने के चलते लोगों में खेती-किसानी को लेकर रूचि बढ़ी है। यही कारण है कि पहली बार कवर्धा सहित अविभाजित जिले में 11 हजार नए किसानों ने समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया है। आगामी 14 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी में इस बार तीन लाख 70 हजार 426 किसान अपनी उपज बेचेंगे।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदी करने का वायदा किया था। इस वायदे के तहत सरकार बनने के बाद किसानों को एकमुश्त यह राशि दी गई थी। धान का रेट बढ़ने के कारण लोगों में अब खेती-किसानी को लेकर रूचि बढ़ी है। यही कारण है कि इस बार खरीफ सीजन में किसानों ने काफी उत्साह के साथ धान की बोनी की है। धान बेचने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया पिछले 31 अक्टूबर तक निर्धारित की गई थी। जिसमें इस बार 11 हजार नए किसानों ने धान बेचने का पंजीयन कराया है। आंकड़ों की माने तो पिछले साल तीन लाख 59 हजार 333 किसान पंजीकृत थे। वहीं इस साल यह संख्या बढ़कर तीन लाख 70 हजार 426 हो गई है।

## 14 नवंबर से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, पौने चार लाख किसान बेचेंगे उपज

### तैयारियां पूरी

आगामी 14 नवंबर से शुरू होने वाली धान की सरकारी खरीदी को लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है।
- **प्रभात मिश्रा,** सीईओ, सहकारी बैंक



### तैयारियों ने पकड़ा जोर

समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। किसानों का पंजीयन पूरा होने के बाद प्रशासन मैदानी तैयारी पूरी करने में जुटा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन का कहना है कि धान खरीदने के लिए पर्याप्त संख्या में बारदाने की व्यवस्था की गई है।

**सोसायटी कर्मियों ने दी बहिष्कार की चेतावनी :** धान खरीदी के पहले तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किए जाने के चलते तैयारियां प्रभावित हो रही है। महासंघ ने यह भी ऐलान किया है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे 14 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी का बहिष्कार करेंगे। इस आंदोलन में करीब डेढ़ हजार कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि धान में सूखत का प्रावधान किया जाए। मध्यप्रदेश की तर्ज पर तीन-तीन लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए। सेवा नियम 2018 संशोधन के लिए लंबित है, उसे अतिशीघ्र संशोधन किया जाए।

### साढ़े 4 लाख हेक्टेयर रकबा

राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ व मोहला को मिलाकर कुल चार लाख 49 हजार 498 हेक्टेयर का रकबा पंजीकृत हुआ है। इस बार 17 हजार 798 किसान ऐसे हैं, जिन्होंने पहली बार पंजीयन कराया है। पूर्व में पंजीकृत किसानों में दो हजार 396 का पंजीयन इस बार विभिन्न कारणों से निरस्त भी हुआ है। जबकि लगभग 20 हजार ने गत वर्ष पंजीयन के बाद भी अपना धान नहीं बेचा था। खरीफ वर्ष 2023-24 में अकेले राजनांदगांव जिले में एक लाख 28 हजार 69 किसानों का पंजीयन हुआ था, जो इस बार बढ़कर एक लाख 32 हजार 733 हुआ है। यानी राजनांदगांव जिले में चार हजार 664 किसान बढ़े हैं।

### किसानों में उत्साह

राज्य शासन द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल दर पर 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। जिससे किसानों में काफी उत्साह है। यही कारण है कि किसानों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।
- **सचिन बघेल,** अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक

## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर डराने के मामले में दो पकड़ाए



**राजनांदगांव।** चाकू दिखाकर डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों पर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 नवंबर को आरोपी रतनेश सिंह ठाकुर 22 वर्ष निवासी ब्राम्हणपारा लकड़ी टाल के पास, रानीसागर गौरवपथ बसंतपुर के पास सार्वजनिक जगह पर एक लोहे का धारदार चाकू दिखाकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने पर उनके विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई की है। इसी तरह मुखबीर की सूचना के आधार पर आज आरोपी राहुल सोनवानी पिता जीवा सोनवानी 20 वर्ष निवासी प्रभात नगर लालबाग को पुष्प वाटिका के सामने प्रभात नगर लालबाग थाना बसंतपुर के पास सार्वजनिक जगह पर एक लोहे का धारदार चाकू दिखाकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने पर उनके विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई की गई।

## सभी बुजुर्गों को कराना होगा पंजीयन, आधार कार्ड की ही अनिवार्यता

# 75 हजार बुजुर्ग का बनेगा आयुष्मान कार्ड मिलेगा सालाना 5 लाख तक मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 70 से अधिक उम्र वालों के लिए आयुष्मान योजना के तहत अविभाजित जिले में भी अब नया कार्ड बनाने का दौर शुरू हो गया है। बताया गया कि राजनांदगांव, मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले को मिलाकर करीबन 75 हजार ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनकी उम्र 70 या इससे अधिक है। ऐसे में इन सभी को सालाना पांच लाख रुपए का मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आधार कार्ड के जरिये नया आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश से निर्देश आने के बाद मंगलवार से ही राजनांदगांव सहित दोनों नए जिलों में भी रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि पंजीयन के बाद योजना के तहत सभी बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया जाएगा। इस योजना की खास बात यह है कि 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा। इसमें उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति मायने नहीं रखी जाएगी, यानी चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्गीय हो या फिर अमीर सभी का यह आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आयुष्मान कार्ड पाने के लिए पात्र हैं और विस्तारित योजना शुरू होने पर किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज करवा सकते हैं।

### जितने का इलाज, उतना ही टॉपअप

बुजूर्गो के लिए शुरु की गई इस योजना का लाभ उन्ही को मिलेगा जिसने आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख का मुफ्त इलाज उस साल ना कराया होगा। यदि किसी बुजूर्ग ने परिवार को मिलेने वाली 5 लाख की राशि में दो लाख का इलाज कराया तो उसे इस नई योजना के तहत 3 लाख का ही इलाज मिलेगा।




### दोबारा बनेगा बुजुर्गों का कार्ड

जिन लोगों के पास पहले से आयुष्मान कार्ड है, उन्हें नए कार्ड के लिए फिर से आवेदन करना होगा और अपना ई-केवाईसी फिर से पूरा करना होगा। एबी-पीएमजेएवाय योजना के तहत पहले से ही कवर परिवारों से संबंधित 70 वर्ष और उससे ज्यादा आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अपने लिए प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा। हालांकि इससे वे स्वयं का ही इलाज करा पाएंगी, इसे उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साझा नहीं कर पाएंगे।

### आधार कार्ड ही अनिवार्य

बताया गया कि केंद्र की इस योजना के तहत 70 प्लस उम्र के सभी लाभार्थी की उम्र का निर्धारण आधार कार्ड में दर्ज आयु के आधार पर किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड जरूरी एकमात्र दस्तावेज होगा। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही सभी सीएचसी सेंटरों के जरिये भी आप अपना रजिस्ट्रेशन इस योजना के लिए करा सकते हैं।

### राजनांदगांव में सर्वाधिक बुजुर्ग

राजनांदगांव जिले में कुल 42672 बुजुर्ग हैं। जिनकी उम्र 70 या इससे अधिक है। इनमें 35150 पहले से ही आयुष्मान योजना से जुड़े हुए हैं। हालांकि नई योजना के तहत सभी को अपना पंजीयन कराना होगा। खैरागढ़ जिले में 70 या इससे अधिक उम्र के 17931 बुजुर्ग हैं। इनमें 13552 आयुष्मान योजना से जुड़े हुए हैं। ऐसे ही मोहला-मानपुर जिले में इस योजना के अंतर्गत आने वाले बुजुर्गों की संख्या लगभग 15 हजार है।

# निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध का विरोध, 20 डॉक्टरों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध लगाए जाने से नाराज करीब 20 डॉक्टरों ने मंगलवार को सामुहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। नाराज डॉक्टरों ने आदेश में संशोधन नहीं होने पर सामुहिक रूप से विरोध जताने के लिए इस्तीफा सौंपा है। एक साथ 20 डॉक्टरों के इस्तीफा देने से मेडिकल कॉलेज अस्तपाल में भी स्थिति बिगड़ गई है।

उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में सीनियर और जूनियर डॉक्टरों के स्वीकृत पद के विरूद्ध करीब तीन फीसदी ही काम कर रहे हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया नहीं हो पा रहा है। इस बीच राज्य शासन द्वारा डॉक्टरों के निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध लगाए जाने संबंधी आदेश जारी किए जाने के बाद यहां पदस्थ डॉक्टरों में आक्रोश पनप गया है। डॉक्टरों का कहना है कि चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अधीन चिकित्सक पृथक श्रेणी में आते हैं, इसलिए उनके संबंधित आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नहीं होना चाहिए। चिकित्सा शिक्षकों के लिए निजी प्रैक्टिस संबंधी नियम पुरातन है और अप्रांसगिक है। इसे तत्काल संशोधित किया जाना चाहिए। वर्तमान आदेश में डॉक्टरों को सिर्फ अपने घर में क्लीनिक चलाने की ही अनुमति दी गई है, जो पूरी तरह अव्यहारिक है। डॉक्टरों ने इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

### चिंता का विषय

नांदगांव विधायक डॉ.रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में 20 डाक्टरों ने इस्तीफा दिया। पूर्व में भी डाक्टरों ने त्यागपत्र दिया था, जो कि चिंता का विषय है।
-**कुलबीर छाबड़ा,** अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी

### पहले सौंपा ज्ञापन, फिर इस्तीफा


*ज्ञात हो कि निर्णय के विरोध में पहले छत्तीसगढ़ मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षा चिकित्सा संचालनालय आयुक्त के नाम से एक ज्ञापन भी सौंपा था। जिसमें उन्होंने इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की थी। जिसके बाद अब मेडिकल कॉलेज अस्पताल के करीबन 20 डॉक्टरों ने अपनी मांग नहीं पूरी होने पर सामुहिक इस्तीफा दे दिया है।*

# शहर में लगी गरम कपड़ों की दुकान, ग्राहकी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के फ्लाई ओवर के नीचे तिब्बतियों द्वारा लगाए जाने वाले गर्म कपड़ों की दुकान प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सजी हुई है, लेकिन मौसम सर्द नहीं होने का असर गर्म कपड़ों की बिक्री में दिखाई दे रहा है। लगभग 10 दिनों से यहां 15 से 20 दुकानें लगी हुई है, लेकिन दुकानों में ग्राहकों की भीड़ नजर नहीं आ रही है।

नवंबर माह का पहला सप्ताह बीतने को है, लेकिन मौसम में खासा बदलाव नजर नहीं आ रहा है। ठंड के मौसम की शुरूआत तो हुई है, लेकिन ठंडकता का एहसास करने वाली ठंडी नहीं पड़ रही है। जिसके चलते गर्म कपड़ों का व्यापार भी फिलहाल ठंडा पड़ा हुआ है। रात का पारा 26 डिग्री पर बना हुआ है। वहीं दिन के वक्त अभी भी 32 डिग्री तापमान के चलते गर्म कपड़ों की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।



### प्रदेश में सबसे गर्म राजनांदगांव

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक प्रदेश में सबसे गर्म राजनांदगांव जिला है और लगभग आगामी 10 दिनों तक मौसम में अच्छी ठंडकता के आसार भी नजर नहीं आ रहे हैं। अधिकांश घरों में अभी भी कूलर, पंखे और एसी बंद नहीं हुए हैं।

### रात को ठंडकता और दिन में गर्मी

आधी रात ठंडकता महसूस की जा रही है, लेकिन दिन के वक्त गर्मी के हालात बने हुए हैं। ठंड के मौसम की शुरूआत के लिए कुछ समय और इंतजार करना पड़ सकता है। अच्छी ठंडकता नहीं होने से सर्दियों के दौरान खिलने वाले फूल भी बगीचे में नजर नहीं आ रहे हैं।

### कड़ाके की ठंड का इंतजार

नवंबर माह के शुरूआती दिनों में ही अच्छी ठंड पड़ने लगती थी, लेकिन इस वर्ष नवंबर माह का पहला सप्ताह बीतने को है, लेकिन मौसम सर्द नहीं होने के चलते गर्मी का अहसास बना हुआ है। गर्म कपड़ों के व्यापारियों को कड़ाके की ठंडक पड़ने का इंतजार है, लेकिन वर्तमान समय में बने मौसम के हालातों से कड़ाके की ठंड पड़ने की स्थिति नजर नहीं आ रही है। अच्छी ठंडकता आने पर ही गर्म कपड़ों का व्यापार गुलजार होगा।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इमाम चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस धरना प्रदर्शन को कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित करते प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार को आड़े हाथों लिया।

प्रदेश में लगातार हो रही हिंसक घटनाओं को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन करते धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में बलरामपुर जिले की पुलिस अभिरक्षा में प्रताड़ना से युवक की मौत, प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, संत कबीर आश्रम दामाखेड़ा में उदित मुनि साहेब पर हुए हमले का विरोध किया गया। कांग्रेस के इस धरना प्रदर्शन को विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया और प्रदेश में हो रही हिंसक घटनाओं और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए।




**आला नेता रहे उपस्थित :** इस धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू, शारदा तिवारी, रमेश राठौड, मेहुल मारू, कुतबुद्दीन सोलंकी, माया शर्मा, रूपेश दुबे सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रदेश में संत भी सुरक्षित नहीं

धरना प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बलरामपुर थाना में हुई युवक की मौत की घटना संदेहास्पद है। वहीं दामाखेड़ा के मुनिजी के आश्रम में हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संत भी सुरक्षित नहीं है। आए दिन हत्या-लूट की वारदातें हो रही है।

### घटनाएं बिगड़ी कानून व्यवस्था का उदाहरण

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बने 10-11 माह का कार्यकाल ही हुआ है। ऐसे में कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है। बलौदाबाजार, लोहरीडीह, सूरजपुर, बलरामपुर, दामाखेड़ा जैसे कई उदाहरण हैं, जहां बड़ी घटनाएं हुई है। प्रदेश सरकार इन घटनाओं पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। शासन-प्रशासन गहरी नींद में है और पुलिस निष्क्रिय है।

**0 राजनांदगांव।** मौसम परिवर्तन के चलते तापमान में गिरावट आई है। वहीं साफ सफाई के अभाव के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। निगम की फागिंग मशीन नदारद है।

## माय एंगल




## 36 घंटे का कठिन व्रत रखेंगी महिलाएं

# सूर्यदेव की उपासना कर छठ पर्व प्रारंभ, श्रद्धा-भक्ति का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान सूर्यदेव एवं छठी माता की आराधना का पर्व छठ आज 5 नवंबर को नहाय-खाए से प्रारंभ हो गया है। चार दिन चलने वाले इस पर्व पर माताएं संतान के सुख-समृद्धि की कामना लिए 36 घंटे का कठिन व्रत रखेंगी। पर्व के साथ ही श्रद्धा-भक्ति का माहौल निर्मित है।

छठ पर्व आज 5 नवंबर को नहाए-खाए से प्रारंभ हो गया है। इस दिन घर का शुद्धिकरण कर व्रत धारण करने वाले लोगों ने स्नान कर शुद्ध सात्विक भोजन ग्रहण कर अपना व्रत शुरू किया, जो पर्व की शुरूआत है। पर्व के दूसरे दिन खरना मनाया जाएगा। इस दिन व्रती निर्जला रहकर खीर-रोटी बनाएंगी। शाम को पूजा के बाद खीर-रोटी खाकर निर्जला व्रत का संकल्प लेगी। खरना के बाद व्रती महिलाएं पानी का भी सेवन नहीं करेंगी और लगभग 36 घंटे का कठिन व्रत धारण करेंगी। भगवान सूर्य और छठी माता को समर्पित इस पर्व के तहत 7 नवंबर को भगवान सूर्यदेव को संध्या के समय तालाब-नदी के पानी में उतरकर अर्ध्य दिया जाएगा। इस दौरान व्रती सहित सपरिवार पूजा की सामग्रियों को लेकर दोपहर से ही तालाब एवं नदी किनारे पहुंचेंगे, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। शहर के मिथिलाधाम श्रीगणेश मंदिर परिसर स्थित मोती तालाब में इस दिन दोपहर से देर शाम तक बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बनेगी। पूजा-अर्चना के बीच बाजे-गाजे एवं भक्ति गीतों की गूंज बनी रहेगी। बच्चे इस अवसर पर फटाके फोड़कर पर्व का आनंद उठाएंगे। पर्व के तहत 8 नवंबर को प्रातः पुनः तालाब पहुंचकर भक्त उगते सूर्य को अर्ध्य देकर मंगल कामना करेंगे। इस दौरान प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।



### मंदिर तालाब परिसर में सजावट

शहर के मोती तालाब में इस दौरान मेला सा माहौल निर्मित रहता है। मंदिर परिसर से लेकर मोती तालाब के किनारे आकर्षक विद्युत सज्जा एवं अन्य साज-सजावट किए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है। वहीं बाहर से आने वाले भक्तों के लिए मंदिर में ठहरने की व्यवस्था भी की गई है। छठ पर्व को लेकर लोगों में उत्साह एवं श्रद्धा-भक्ति का माहौल निर्मित है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इलपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365




## खबर संक्षेप



### डांस प्रतियोगिता का आयोजन

**बांधाबाजार।** ग्राम जोरतराई में भाई दूज के मौके पर युवा मित्र मंडल उत्सव ने डांस प्रतियोगिता आयोजित किया। कार्यक्रम का विधिवत गणेश भगवान की पूजा-अर्चना कर जिला पंचायत सदस्य अरूण यादव ने किया। इस अवसर पर सरपंच केशकुंवर कुंजाम, विनित शर्मा, संदीप मेश्राम, एकलव्य साहू, विनोद मंडलोई, योगेश कोमरे, डॉ सुनील गायकवाड़, साधुराम, योगमाया साहू, रूपसिंग मंडावी, संतोष कोड़ापे, अंबाबाई, उमेश मांडवी, अभय ठाकुर, इशू मंडलोई, मनीष कुंजाम, केशल कंवर, शिव निर्मलकर आदि मौजूद थे।

### महाराष्ट्र की देशी शराब बरामद



**डोंगरगढ़।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी राकेश खोबरागड़े के पास से पीटेपानी रोड में महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी शराब फिरकी संतरी शराब 223 नग बरामद किया। विभाग ने शराब के परिवहन में प्रयुक्त काले रंग की पल्सर 135 बाइक क्रमांक एमएच 35 एसी 7777 जप्त किया। विभाग ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 59 (ए) उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक उज्वल कुमार, जनार्दन पांडे, भोजराज बंजारे, खेमचंद मांडवी, अश्वनी शुक्ला शामिल थे।

### मतदाता सूची का प्रकाशन

**डोंगरगढ़।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी पोलिंग बूथों में 29 अक्तूबर से 28 नवंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाता सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। सूची में वोटर यह देख सकते हैं कि उसका नाम है या नहीं। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर सुधार के लिए फॉर्म भर सकते है। मतदान केन्द्र क्रमांक 150 एवं 151 प्राथमिक शाला उरईडबरी के अविहित अधिकारी ऋतुराज साहू, गोविंद हिरवानी, बीएलओ झमीता साहू, उमा लहरे ने बताया कि नए वोटर कार्ड के लिए फॉर्म भरा जा सकता है। श्री साहू ने बताया कि मतदान केंद्रों में 9, 10, 16, 17 नवंबर को नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### एक दशक पहले सरकार ने बंद की थी शराब दुकान

# गौरव ग्राम के ग्रामीणों ने शराब दुकान खोलने पर जतायी सहमति

## ग्रामीणों ने कहा : शराब की अवैध बिक्री से माहौल खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

गौरव ग्राम में मदिरालय खोलने के आबकारी विभाग के प्रस्ताव पर ग्रामसभा ने अपनी मुहर लगा दिया। सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के बाद ग्राम में शराब दुकान खोलने का रास्ता साफ हो गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम में मदिरा दुकान खोलने के लिए आबकारी विभाग ने ग्राम पंचायत को पत्र प्रेषित कर अभिमत मांगा था। इस आशय का पत्र मिलने के बाद ग्राम पंचायत ने जनपद पंचायत से विशेष ग्रामसभा आयोजित करने की अनुमति की मांगा था। गत 29 अक्टूबर को जनपद सीईओ ने अनुमति प्रदान करने पत्र जारी किया था। जनपद पंचायत की अनुमति मिलने के बाद ग्राम पंचायत ने मंगलवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया।



### नीति के विरूद्ध फैसला

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पारिवारिक सदस्य और प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार ने शराब नीति 2024 -25 में नई शराब दुकान नहीं खोलने का निर्णय लिया था, किन्तु साजिश के तहत शराब दुकान खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से साबित हो गया है कि सरकार अपने ही निर्णय के विपरित काम कर रही है।

### इसलिए मिला गौरव ग्राम का दर्जा

जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चिंताराम द्विवेदी एवं बेनी प्रसाद दुबे के कारण घुमका को गौरव ग्राम का दर्जा दिया गया था। यह दर्जा मिलने के बाद मार्च 2012 में ग्राम में संचालित शराब दुकान को बंद कर दिया गया था।

### दो घंटे हुआ मंथन

ग्रामसभा में करीब 400 लोग शामिल हुए। ग्रामसभा 1 बजे शुरू हुई और अपरांह 3 बजे तक प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने ग्राम में मदिरालय खोलने का विरोध नहीं किया। ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम में एक दशक से शराब दुकान बंद है किंतु गली-गली में शराब महंगे में बिक रही। गली मोहल्ले में शराब बिकने से बच्चे भी उसकी चपेट में आ रहे हैं। गांव का माहौल खराब हो रहा है जिससे ग्राम की छबि धूमिल हो रही है। स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने मदिरालय को आवश्यक बताते हुए पुनः प्रारम्भ करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। अधिकांश ग्रामीणों का कहना था कि मदिरालय को बंद तो कर दिया गया था किंतु अवैध मदिरा की बिक्री को रोकने किसी ने रूचि नहीं दिखाया। शराब का अवैध कारोबार नहीं होता तो यह प्रस्ताव पारित नहीं किया जाता।

# मुरूम के अवैध खनन व परिवहन पर अंकुश नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वनांचल एवं मैदानी क्षेत्र से मुरूम का खनन एवं परिवहन सतत जारी है। विभाग के संज्ञान में लाने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से सरकारी एवं निजी जमीनों से मुरूम खनन किया जा रहा है।

जानकारी अनुसार ग्राम गुमानपुर से लगे जंगल से मुरूम का खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। विभागीय कार्रवाई के आभाव में लाखों की मुरूम किया जा चुका है। मुरूम खनन एवं परिवहन करने वाले आधी रात एवं सरकारी अवकाश के दिन को टारगेट करते हैं ताकि पकड़े जाने का खतरा कम हो। विभागीय दस्ता जब कभी दौरे पर आता है तो आने के पहले से खनिज माफिया को खबर मिल जाती है और अपने वाहन हटा देते हैं।

### मैदान बने तालाब

गुमानपुर, कुकुरमुड़ा, अतरिया, खैरबना, पंडरिया, विचारपुर में लगातार अवैध मुरूम खनन के कारण कई मैदान तालाब में तब्दील हो गए है। सरकार को खनिज माफिया बड़ा नुकसान पहुंचा चुका है।

# श्री सिद्ध चक्र विधान कल से



**डोंगरगांव।** ब्रम्हलीन आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री आगमसागर, मुनि श्री पुनीत सागर, एलक धैर्यसागर के सानिध्य में आगामी 7 से 15 नवंबर तक श्री 1008 सिद्ध चक्र विधान महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया है। सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि संत भवन में होने वाले आयोजन के विधानाचार्य ब्रम्हचारी राजेंद्र जैन होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुवात आगामी 7 नवंबर को अभिषेक, पूजन, देव आज्ञा, गुरु आज्ञा, आचार्य निमंत्रण, घटयात्रा, ध्वजारोहण, मंडप शुद्धि, सरलीकरण, पात्र चयन, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडल प्रतिष्ठा, जाप अनुष्ठान के साथ होगा। समाज के कोषाध्यक्ष राहुल जैन राही ने बताया कि आगामी 8 एवं 9 नवंबर को अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान, याग मंडल विधान, 10 से 14 नवंबर तक अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान, आगामी 15 नवंबर को अभिषेक, शांतिधारा, विश्व शांति यज्ञ, दोपहर 12 बजे शोभायात्रा, सम्मान एवं समापन कार्यक्रम होगा। प्रतिदिन शाम 7 बजे महाआरती, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

हरिभूमि
## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# स्कूल में न्योता भोज आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में पूर्व संकुल समन्वयक दुर्गेश कुमार साहू ने पूर्व माध्यमिक शाला से लगातार 5 वर्षों में 8 बच्चों के प्रयास विद्यालय में चयनित होने पर न्यौता भोज का आयोजन कर बच्चों को खीर, पूड़ी, चॉकलेट, लड्डू खिलाया। आयोजन में बच्चे, शिक्षक, एसएमसी अध्यक्ष, ग्रामीण सहित करीब 180 लोग शामिल हुए। इस अवसर में कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चैतन्य देवांगन, चमेली देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, अंकालू पटेल, श्रवण कुमार साहू, कमलेश हिरवानी, ढाल सिंह हिरवानी आदि उपस्थित थे।

# विवि के छात्रों ने दी पंचलाइट की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर में इन्दिरा कला संगीत विवि के नाट्य विभाग द्वारा साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा रचित कहानी पंचलाइट की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम निर्देशक डॉ. योगेन्द्र चौबे ने बताया कि यह नाट्य 60 के दशक की कहानी है जिसमें बिहार के ग्रामीण परिवेश का मंचन किया गया है।

कहानी में नायक गोधन और नायिका मुंजरी की प्रेम कहानी को दर्शाया गया है। साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु ने कहानी में सामाजिक स्थिति का सजीव चित्रण किया है।

उक्त कार्यक्रम का नाट्य रूपांतरण रंजीत कपूर, निर्देशन डॉ. योगेन्द्र चौबे व सहनिर्देशन धीरज सोनी ने किया।



### पंचलाइट में प्रेम और भोलेपन का है सजीव चित्रण

पंचलाइट में प्रेम और भोलेपन का सजीव चित्रण देखने को मिलता है। निर्देशक द्वारा नाटक में नायक गोधन व नायिका मुंजरी की प्रेम कहानी को दिखाया गया। गांव में पहली बार अंधेरा को दूर करने पेट्रोमैक्स एक तरह की गैस बत्ती खरीदकर लायी जाती है परंतु गांव के भोलेभाले लोग उसे जला नहीं पाते हैं जिसे जलाने गांव का लड़का गोधन आता है जिसे गांववालों ने पहले इस कारण से गांव निकाला कर दिया था कि वह गांव की लड़की मुंजरी से प्रेम करता था मगर जब गोधन ने पेट्रोमैक्स को जलाया और इसके जलने से गांव में रोशनी आई तो गांववालों ने गोधन को स्वीकार कर लिया। नाट्य मंचन मे डॉ. परमानन्द पांडे, सोमनाथ साहू, हिमांशु कुमार, विक्रम वर्मा, अनुराग पंडा, रोहन जंघेल, विकास गायकवाड़, मानव जायसवाल, उन्नति डे, सोनल बागड़े, दिव्या राई, अंशु बंगारी, हर्ष गिरी भट्ट, अयान रजा, चुमेश्वर साहू ने शानदार प्रस्तुति दी।

# दुर्घटना के बाद मारपीट की शिकायत

**गंडई पंडरिया।** चकनार में गौरा गौरी विसर्जन के दौरान सड़क दुर्घटना और मारपीट की घटना हुई। पीड़ित परिवार की सदस्य टामिन वर्मा ने गंडई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उनकी 60 वर्षीय मां रैनबाई और दो साल का भतीजा सिवाय जंघेल कार्यक्रम देखने गए थे। तेज गति से आ रही मोटरसाइकल ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे रैनबाई के हाथ और कमर में चोटें आई है। घटना के बाद मोटरसाइकल चालक दिलेश जंघेल, उसके साथी विनोद निषाद, बलराम निषाद, मणीराम यादव, डग्गा निषाद आदि ने टामिन के घर पहुंचकर परिजनों के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने टामिन के पिता तखतराम जंघेल और भाई प्रदीप जंघेल के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।




### पशुधन को खिलाई खिचड़ी और लापसी

# गौशाला में धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला में गोबर से गोवर्धन पर्वत का प्रतीक बनाकर सभी गौवंशों को खिचड़ी और मेवा गुड़ की लापसी खिलाई गई। गौशाला के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने बताया कि गोवर्धन पूजा का यह दिवस गौ माता की पूजा का दिन है। यह दिन प्रकृति की रक्षा और गौ माता के गोबर में धन प्राप्ति का संदेश देता है।

गौरतलब है कि मनोहर गौशाला में गोबर और गौ मूत्र से खाद का निर्माण किया जा रहा है जिसका वैज्ञानिकों द्वारा रिसर्च भी किया जा रहा है। इस साल भी गोबर से एक लाख से उपर वैदिक दीपक बनाकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, गृहमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित देश के बाहर भी स्पीड पोस्ट और कुरियर से भेजा गया है। दीपक भेजने का मुख्य उद्देश्य प्रकृति की सुरक्षा में अपना कुछ योगदान देना है। वेदों में लिखा है कि गोबर के दीपक प्रज्ज्वलित होने से ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है। इसके लिए हर साल यह प्रयास किया जाता है।



### जिपं उपाध्यक्ष पूजा अर्चना कर खिलाई खिचड़ी

प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर अपने निवास में गौवंश की पूजा-अर्चना की और अपने हाथों से खिचड़ी खिलाया। उन्होंने इस मौके पर जिलेवासियों सहित प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए गोवर्धन पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा गौवंश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन दिन है। भगवान कृष्ण और गौ माता से कामना करता हूं कि प्रकृति प्रेम और परोपकार का यह लोक पर्व सभी के लिए सुख समृद्धि व खुशहाली लेकर आए। उन्होंने इस अवसर पर सभी लोगों से गौवंश की रक्षा, संवर्धन और संरक्षण के कार्य में भागीदार बनने की अपील की।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

**समस्या:** फसल परिवहन के पूर्व शासन-प्रशासन तथा विभागों ने नहीं किया मरम्मत कार्य

# खस्ताहाल सड़कों से किसान कैसे करेंगे धान व गन्ना का परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/कोलेगांव

राज्य शासन के निर्देशानुसार आने वाले 15 नवम्बर से प्रदेश सहित जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ कर दी जाएगी और संभवतः देवउठनी एकादशी के बाद से जिले के गन्ना उत्पादक किसान भी अपनी फसल की कटाई शुरू कर देंगे। ऐसे में धान खरीदी केन्द्रों से लेकर जिले में संचालित की जाने वाली गुड़ फैक्ट्री और सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों में फसलों का परिवहन प्रारंभ हो जाएगा। लेकिन माना जा रहा है कि हर बार की तरह इस बार भी जिले के किसानो को अपनी फसल परिवहन करने में खासी मसक्कत के साथ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि जिले में विशेषकर ग्रामीण अंचलों में फसल परिवहन के पूर्व खस्ताहाल और जर्जर सड़कों में कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है, जो निश्चित रूप से फसल परिवहन में किसानो के लिए एक बड़ी समस्या खड़ी कर सकती है। जानकारी के मुताबिक सबसे ज्यादा परेशानी विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के किसानो को उठानी पड़ सकती है। क्योंकि इस क्षेत्र में किसानो के द्वारा धान परिवहन के साथ ही बड़ी मात्रा में गन्ना का भी परिवहन किया जाता है। लेकिन इस क्षेत्र की सड़कों की बात की जाए तो वह बेहद खराब है। फिर चाहे वह प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क हो या मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क हो या फिर लोक निर्माण विभाग की सड़क हो सभी का हाल कमोबेश एक जैसा ही है। जानकारी के मुताबिक विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम अमलीमालगी से कुआंमलगी, कोलेगांव से हथमुड़ी की प्रधानमंत्री सड़क इस समय पुरी तरह से जर्जर और खस्ताहाल पड़ी है। सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जिनमें सामान्य वाहनो का भी चलना मुश्किल हो रहा है ऐसे में किसान इस बात को लेकर चिंतित है कि वे गन्ना तथा धान से भरे अपने वाहनो को कैसे ठिकाने तक पहुंचा पाएंगे। यहीं हाल कुण्डा से महली मार्ग का भी है। इसके अलावा ऐसे कई मार्ग है जो जर्जर और खस्ताहाल है जिनमें वास्तव में फसल परिवहन करना किसानो के लिए टेढ़ी खीर है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि शासन-प्रशासन को इसकी कोई चिंता नहीं है। यहीं वजह है कि फसल परिवहन के पूर्व इन खस्ताहाल सड़कों की कोई सुध नहीं ली गई है और इनकी मरम्मत अब तक नहीं की गई है।

## अंचल के किसानो ने फसल परिवहन पूर्व सड़क मरम्मत की रखी मांग



क्षेत्र के किसानो ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अभी धान तथा गन्ना परिवहन को कुछ वक्त बाकी है। इस बीच शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग को चाहिए की वह क्षेत्र की ज्यादा खराब सड़कों को चिन्हांकित कर कम से कम सड़क में निर्मित बड़े-बड़े गड्ढो में मुरूम अथवा बजरी डालकर उसकी मरम्मत करा दे ताकि किसानो को अपनी फसलों के परिवहन करने में ज्यादा परेशानियों को सामना न करना पड़े। अब देखने वाली बात होगी कि शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग किसानों की इस मांग पर कितना कान देती है।

## किसानो को उठाना पड़ता है भारी नुकसान

यहां बताना लाजिमी होगा कि अंचल की इन खस्ताहाल सड़कों से फसल परिवहन करने में एक तो हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इसके अलावा फसलों से भरे वाहनो को भी भारी नुकसान होता है। किसानो की माने तो इन खस्ताहाल सड़कों में वाहनो के टायर पंचर होना, टायर फटना, वाहनो पट्टा टूटने सहित अन्य टूट फूट होना आम बात है। जिससे किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।



# शाम को डीजे में किया डांस, सुबह फंदे पर लटका मिला युवक का शव

▪ पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर के आम बगीचे में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर में मंगलवार की सुबह पुलिस ने एक ग्रामीण का फांसी में लटका शव बरामद किया है। हालांकि शव की स्थिति परिस्थिति को देखते हुए पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है। वहीं पुलिस ने शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बैजलपुर के ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह गांव के आम बगीचे में स्थानीय निवासी मुकेश साहू का शव फांसी के फंदे में लटका देखा और इसकी जानकारी तत्काल मृतक के परिजनो के साथ ही पिपरिया पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर पंचनामा पश्चात मर्ग कायम कर लिया है। शव की स्थिति परिस्थिति को देखते हुए पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। वहीं ग्रामीणों की माने तो मुकेश को 4 नवम्बर की शाम को लक्ष्मी विसर्जन के दौरान डीजे में नाचते झूमते देखा गया था वहीं 5 नवम्बर की सुबह उसका शव फांसी में लटका मिला है। ग्रामीण ये नहीं समझ पा रहे है कि जो युवक शाम को लक्ष्मी विसर्जन के दौरान डीजे में नाच और झूम रहा था वह भला अचानक आत्महत्या कैसे कर सकता है। इस घटना को लेकर गांव में सनसनी फैल गई है। हालांकि यह बात भी निकलकर आई है कि मुकेश शराब का आदी था और हमेशा नशे में धुत्त रहता था इस बात को लेकर उसका अपनी पत्नी से भी हमेशा विवाद होते रहता था।

## खबर संक्षेप

### तीन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कैम्प में




**हरिभूमि बोड़ला।** बोड़ला स्वामी विवेकानंद कॉलेज की तीन खिलाड़ियों का सलेक्शन राज्य स्तरीय हॉकी कैंप दुर्ग के लिए हुआ है। इनमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ममतेश्वरी व अंजली और बीकॉम की छात्रा हेमलता साहू शामिल हैं। दुर्ग में 5 से 9 नवंबर तक हॉकी कैंप लगना है। उसके बाद 11 से 16 नवंबर तक यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए संबलपुर (ओडिशा) के लिए भी तीनों का चयन हुआ है। बोड़ला ब्लॉक के ग्रामीण अंचल से पहली बार 3 खिलाड़ी छात्रा का चयन यूनिवर्सिटी स्तर पर हुआ है। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गीता यादव अभी इंडिया कैंप में छत्तीसगढ़ की प्रतिनिधित्व कर रही है। महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक बोड़ला कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं, जिससे महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं व प्राध्यापकों में हर्ष है।

### डीएलएड की परीक्षा की समय सारिणी घोषित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने डीएलएड प्रथम, द्वितीय वर्ष पूरक व अवसर परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी समय सारिणी के मुताबिक यह परीक्षा 18 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी।

# तेज रफ्तार कार ने दूसरी खड़ी कार को मारी टक्कर, एक व्यक्ति गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/ कुई कुकदूर

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में एक बार फिर भीषण सड़क दुर्घटना देखने को मिली है। जिसमें एक तेज रफ्तार कार चालक ने सड़क किनारे खड़ी दूसरी कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सड़क किनारे खड़ी कार में बैठा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि अभी तक इस मामले में पुलिस कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 3.00 बजे कुछ लोग कार क्रमांक एमपी 52 सीएम 1267 में सवार होकर पंडरिया की तरफ आ रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान किसी कारणवश ये कार सवार ग्राम चितराहिन के पास रूके हुए थे। कार में सवार अन्य लोग तो नीचे उतर गए थे लेकिन एक व्यक्ति कार में ही बैठा था। इसी बीच पंडरिया की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 बीडी 9444 के अज्ञात चालक ने तेजरफ्तार से लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए खड़ी कार में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पंडरिया की तरफ से आ रही कार की रफ्तार इतनी तेज थी की उसकी ठोकर से खड़ी कार पलट गई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं खड़ी कार में बैठा व्यक्ति के सिर में चोट आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करा दिया है। लेकिन अभी तक आरोपी चालक के संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।



# बोर्ड मूल्यांकन की राशि हुई जमा टीचर्स एसोसिएशन ने उठाया था मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से जिले के शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन राशि का भुगतान कर दिया गया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले के एक मात्र मूल्यांकन केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कवर्धा में छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित दसवीं व बारहवीं के वार्षिक परीक्षा-2024 के उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कार्य विगत मार्च अप्रैल में किया गया था, लेकिन मूल्यांकन के सात माह बाद भी शिक्षकों को पारिश्रमिक राशि का भुगतान नहीं किया गया था। एसोसिएशन ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए पारिश्रमिक राशि का भुगतान अविलम्ब करने की मांग किया था, जिसके बाद राशि जमा किया गया है। जिले में मूल्यांकन कार्य में शामिल तीन सौ शिक्षकों को 21 लाख 77 हजार राशि उनके खाते में अंतरित किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने मूल्यांकन केंद्र प्रभारी प्राचार्य आरपी सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बोर्ड को आगामी समय में मूल्यांकन के तत्काल बाद राशि जमा करने की नसीहत दिया है।

# जिला कांग्रेस कमेटी का प्रदेश सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन आज

▪ कवर्धा कांग्रेस भवन में आयोजित किया जाएगा धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम ने एक बार फिर से जिला मुख्यालय कवर्धा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है।

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर तथा कबीरधाम जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी निर्देशानुसार 6 नवम्बर को दोपहर 12.00 बजे कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में भाजपा सरकार चौपट कानून व्यवस्था के चलते बलरामपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा में पुलिस प्रताड़ना से हुई युवक की मौत तथा कबीर आश्रम दामाखेड़ा में दर्जनों हथियार बंद लोगों द्वारा वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब की हत्या की नियत से किए गए हमले के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री साहू ने इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी जिला मुख्यालय कवर्धा में ही प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर एक बड़ा धरना प्रदर्शन व घेराव कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है।

### नीरज मंजीत ने कनाडा में हिंदुओं पर हमले की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

साहित्यकार नीरज मनजीत ने कनाडा में कुछ अलगाववादी खालिस्तानी लोगों द्वारा हिन्दू मंदिरों एवं शांतिप्रिय कनाडाई हिन्दू नागरिकों पर हमले को लेकर उनकी कड़ी भ्रत्सना की है। एक विज्ञप्ति जारी करके उन्होंने कनाडा की सरकार एवं पुलिस की भी कड़ी निंदा की है, जिन्होंने चरमपंथी खालिस्तानी तत्वों को हमले की खुली छूट देकर उल्टे निर्दोष और पीड़ित हिंदुओं पर पुलिसिया जुल्म ढाया है। उन्होने कनाड़ा सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## आवक ...



**कवर्धा।** नगर के बाजार में पहुंचने लगी बाहरी और लोकल आंवला की खेप।

**सभी घरों में 15 दिनों के भीतर स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश**

# जल जीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्तापूर्ण करें कार्यः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा विकासखंड के ग्राम दौजरी का कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को दौरा कर केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा प्राथमिकता में रखे गए जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन, नल कनेक्शन और जल आपूर्ति की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों के घरों में पहुंचकर पाइपलाइन की गुणवत्ता, नल की कार्यक्षमता और जल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने पाया कि कुछ स्थानों पर पाइपलाइन का कार्य सही ढंग से पूरा नहीं होने के कारण लीक होने से पानी बह रहा था। कलेक्टर ने लापरवाही पूर्वक कार्य के लिए ठेकेदार पर कड़ी नाराजगी जताई। इस स्थिति पर उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पाइपलाइन लीकेज को शीघ्र अति शीघ्र सुधारा जाए, ताकि ग्रामीणों को सुचारू रूप से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। कही भी शिकायत नहीं मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने गांव में पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने कलेक्टर को बताया कि गांव में कुल 319 घरों में पेयजल आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से अब तक 210 घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बाकी घरों में जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू करने के लिए कार्य प्रगति पर है और अगले कुछ दिनों में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी घरों में 15 दिनों के भीतर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वाकांक्षी मिशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# कुटेली में योग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से 8 किलो मीटर दूर ग्राम कुटेली में पतंजलि योग समिति जिला कबीरधाम के तत्वाधान में तीन दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी योगाचार्य सुरेश चंद्रवंशी ने ग्रामीणों को योग के महत्व को समझाते हुए बताया कि वर्तमान में विभिन्न प्रकार के बीमारियों से बचने का एक ही सशक्त माध्यम है योग प्राणायाम जिसको करके व्यक्ति जीवन को आनंद पूर्वक भोग सकता है। उन्होने ग्रामीणों को योग प्राणायाम से हमारे शरीर पर होने वाले प्रभाव और रोगों के निवारण के संदर्भ में समुचित जानकारी दी गई। श्री चंद्रवंशी ने बताया की आज के इस प्रदूषित वातावरण में हमारा रहन-सहन, खानपान, आचार्य व्यवहार सब कुछ दूषित हो चुका है। इससे बचने का सिर्फ और सिर्फ एक ही रास्ता है योग प्राणायाम। कार्यक्रम के अंतिम दिन बच्चों को नैतिक शिक्षा के साथ-साथ जीवन में व्यसन नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। ग्रामवासियों ने आगामी समय में और योग शिविर लगाने की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गणेश मरकाम उपसरपंच, रामानुज कौशिक पंच, गौतम कौशिक, नागेश्वर कौशिक, शशि ठाकुर, रमेश साहू, त्रिलोकी कौशिक, लालजी कौशिक गणपत, प्रभु, मेलू श्रीवास, प्रकाश, सावित्री कौशिक, चुन्नी, गुलाबा, दुखिया, रमता, दिनेश, बलराम कौशिक, महेन्द्र, नेतराम, पप्पू यादव, रामेंद्र, कमल, यशवंत, दिनेश कौशिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## सार समाचार



### दीपावली पर्व उल्लास से मना

**जालबांधा।** समीपस्स्थ ग्राम पेटी में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाईदूज एवं मातर धूमधाम के साथ मनाया गया। गौठान में छोटे बच्चों को भोजन कराया गया।

### स्वयं सेवकों ने किया फल वितरण

**डोंगरगांव।** स्थानीय भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाओं ने गत दिनों प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के निर्देशन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशाराम साहू, प्रो. प्रियंकी गजभिए के मार्गदर्शन में दीपावली एवं स्वयं सेविका कनिष्का पटेल ने जन्म दिवस के मौके पर चिकित्सालय जाकर फल, बिस्किट, मिठाई को वितरण किया। इस सेवा कार्य में स्वयंसेविका कनिष्का पटेल, पुनीता साहू, मोनिका यादव, हिना पटेल, देवनारायण माली, सत्यम वैष्णव एवं अन्य ने हिस्सा लिया।



### उत्साह से मनाया मातर

**गंडई पंडरिया।** नगर में यादव समाज ने मातर का आयोजन स्थानीय तालाब के पास और दैहान चौक में किया। यादव समाज के लोगों ने गायों की पूजा कर सोहाई बांधा। गौठान में पारंपरिक परिधान पहनकर उत्सव मनाया गया। गोवंश को सोहाई और दुहर की माला पहनाया गया। नए अनाज से गौमाता के लिए खिचड़ी बनाया गया।





### बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक

**गंडई पंडरिया।** नगर में भाई दूज का श्रद्धा के साथ मनाया गया। शुभ मुहुर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया। भाइयों ने बहनों को उपहार दिया।

### नया ट्रांसफार्मर व लाइन का होगा विस्तार : शिव

**राजनांदगांव।** नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा ने कहा कि शहरी क्षेत्र में विद्युत का विस्तार एवं नया ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। जिसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे को बधाई देते कहा कि मुख्यमंत्री विद्युतीकरण से लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

### निकली महाकाली की विसर्जन शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** शहर के शंकरपुर में भाई दूज के अवसर पर 48 घंटे के लिए स्थापित की गई मां काली की प्रतिमा का आज विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इस दौरान शिव शक्ति महाकाली पूजा समिति द्वारा विसर्जन शोभायात्रा निकली गई। शंकरपुर वार्ड के लोगों द्वारा दीपावली के बाद भाई दूज के अवसर पर नगर कल्याण के उद्देश्य से स्थापित की जाने वाली मां काली की प्रतिमा का विधि-विधान से 48 घंटे तक पूजा-अर्चना किया गया और इसके बाद आज वार्ड में शोभायात्रा निकालकर विधि-विधान से माता की प्रतिमा विसर्जित की गई। समिति के लोगों ने बताया कि कोलकाता की तर्ज पर यहां भी महाकाली की प्रतिमा दो दिनों के लिए स्थापित की जाती है। महाकाली के साथ ही पूजा पंडाल में बाबा भैरवनाथ और मां काली की एक अन्य प्रतिमा ज्योति कक्ष में स्थापित होती है। शंकरपुर में 16 वर्षों से स्थापित की जा रही मां महाकाली की प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर बड़ी संख्या में वार्ड के लोग शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालु माता के सेवा-भजनों में झूमते रहे। विसर्जन यात्रा शंकरपुर क्षेत्र के विभिन्न गलियों से होती हुई निकली। इस दौरान वार्ड का माहौल माता की भक्ति से सराबोर नजर आया।



### बुनियादी शिक्षा के अनुरूप है शत्रुघन की कविता

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे ने नगर के वरिष्ठ कवि शत्रुघन सिंह राजपूत के बाल काव्य संग्रह अभी अभी खिले फूल के प्रकाशन पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। श्री पांडे ने कहा कि श्री राजपूत ने अपने बाल काव्य संग्रह में बच्चों के मनोभावों के अनुरूप प्रकृति, विज्ञान एवं अन्य विविध विषयों पर काव्य रचना की है। बाल मनोविज्ञान का इसमें सुंदर संयोजना है। बच्चों की प्राथमिक बुनियादी शिक्षा की एक बड़ी आवश्यकताओं को ये कविताएं पूर्ण करती है। ज्ञात हो कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ.रमन सिंह ने इस काव्य संग्रह का विमोचन किया था।



## निधन



### गीतादेवी शुक्ला

**डोंगरगांव।** नगर के प्रतिष्ठित शुक्ला परिवार की बुजुर्ग गीतादेवी शुक्ला पति स्व. स्वामी प्रसाद शुक्ला का 90 वर्ष की उम्र में सोमवार को निधन हो गया है। स्व. श्रीमती शुक्ला अपने पीछे पुत्र मनमोहन शुक्ला, बेटी माया, शारदा एवं सीमा का भरापूरा परिवार छोड़ गई है। स्व. श्रीमती शुक्ला विकास एवं विशाल शुक्ला की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को मुक्तिधाम में किया गया।

## जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया राज्योत्सव

# छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से बढ़ रहा है : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला मुख्यालय मोहला में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्योत्सव पर जिलेभर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जिलेवासियों ने एक-दूसरे को राज्य स्थापना की शुभकामनाएं दी। स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों के लिए जश्न मनाने का अवसर है। साथ ही यह भूतपूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को नमन करने और उन्हें धन्यवाद देने का अवसर भी है।

उन्होंने आगे कहा कि एक समय छत्तीसगढ़ में बार-बार अकाल पड़ता था, किसानों को रोजी-रोटी की तलाश में पलायन करना पड़ता था। मजदूरों को आंदोलन करना पड़ता था। आदिवासियों का शोषण होता था। युवाओं के पास रोजगार नहीं था। महिलाओं के पास अधिकार नहीं था। गांव में गरीबी पसरी हुई थी। शहरों में गंदगी फैली हुई थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ से भोपाल कोसों दूर था। यहां से आवाज बहुत देर से वहां पहुंच पाती थी। इससे भी कहीं ज्यादा देर सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम छत्तीसगढ़ तक पहुंच पाए थे। इस स्थिति में छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने की मांग तेज हुई। उस समय सौभाग्य से केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों की पीड़ा को समझा और यहां के लोगों की मांग को पूरा करते अलग छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। उन्होंने सरकार के अनेक उपलब्धियां पर प्रकाश डाला और प्रदेश के विकास में हुए बदलाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य सरकार राज्य के लोगों से किए गए गारंटी को पूरा किया जा रहा है। किसानों से 31 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की गारंटी को पूरा किया गया है। किसानों को दो वर्षों के बकाया बोनस के रूप बकाया राशि अंतरित किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में हर महीने 70 लाख माताओं-बहनों को 1000 की सहायता राशि दी जा रही है। इस अवसर पर दिनेश शाह मंडावी, लगनूराम चंद्रवंशी, जनप्रतिनिधिगण, एसपी यशपाल सिंह, दिनेश पटेल, विजेन्द्र सिंह पाटले, प्रेमलता चंदेल, हेमंत ठाकुर, डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, अमितनाथ योगी सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, ग्रामीण मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम ने नागरिकों को किया रोमांचित



### तेजी से हो रहा विकास

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि जिला निर्माण के बाद जिले में तेजी से विकास होने लगा है। किसान, महिला, बुजुर्ग युवाओं के कल्याण के लिए मजबूती के साथ विकास योजनाएं चलाया जा रहा है। जिला स्तरीय राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से विभागीय योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों को रेखांकित किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत सामग्री और चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई।

### दो साल के कार्यकाल में जिला कामयाबी के साथ बढ़ रहा आगे

इस अवसर पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते जिले की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिला निर्माण के पश्चात राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, जल जीवन मिशन, कृषि उन्नति योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक पात्रता अनुसार लाभ पहुंचाया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित ना हो। कलेक्टर प्रजापति ने जिले की उपलब्धि और विकास को रेखांकित करते कहा कि 2 साल के कार्यकाल में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी कामयाबी के साथ आगे बढ़ रहा है।

## नमन बने सब इंस्पेक्टर छह साल बाद मिली दिवाली के साथ खुशियां



**खैरागढ़।** शहर के किल्लापारा वार्ड निवासी नमन तिवारी सब इस्पेक्टर बने। बीते दिनों राज्य शासन द्वारा सब इंस्पेक्टरों की जारी चयनित सूची मे नमन तिवारी का नाम देखकर परिजनों सहित दोस्त काफी प्रसन्न है। गौरतलब है कि नगर पालिका मे राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत राजेश तिवारी के मंझले पुत्र नमन ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी बारहवीं परीक्षा पास करने के बाद से शुरू कर दिया था। परीक्षा में शामिल होने शारीरिक दक्षता के अलावा मानसिक रूप से खुद को मजबूत रखा और पहले ही प्रयास मे सब इंस्पेक्टर बन गए। प्राथमिक से लेकर हायर सेकंडरी तक की शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से अर्जित करने के दौरान ही नमन का खेलों के प्रति काफी रूझान था। फिटनेस मेंटेन करने मैदानी खेल फुटबाल, क्रिकेट पर ध्यान फोकस था जो परीक्षा के दौरान शारीरिक दक्षता उत्तीर्ण करने मे काफी सहयोगी रहा। सब इंस्पेक्टर के रूप मे चयन होने के बाद नमन तिवारी ने बताया कि माता पिता के साथ बड़े भाई अमन तिवारी ने परीक्षा में शामिल होने प्रोत्साहित किया। सभी ने मिलजुलकर हर संभव सहयोग किया जिसके चलते सफलता हासिल हुई है। नमन ने कहा कि सब इंस्पेक्टर बनने के बाद भी वो पीएससी की तैयारी करते रहेंगे। गौरतलब है कि छग में 2018 मे भाजपा शासन काल के दौरान साढ़े छै सौ से उपर पदों पर भरती का विज्ञापन जारी हुआ था, 2021 में कांग्रेस काल मे 300 के आसपास पदों में बढ़ोतरी से यह बढ़कर नौ सौ पार कर गई। दीपावली के दौरान राज्य शासन द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी करने से सभी चयनितों सहित परिवार में खुशी का वातावरण बना हुआ है।

# युवा शिक्षा, संस्कृति और परिवर्तन के वाहक होते हैं



**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्रापं कामठा में युवा मंडल लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा सांस्कृतिक आयोजन हुआ। जिपं सभापति विप्लव साहू, जनपद सदस्य अनूपलाल वर्मा, सरंपच गोपाल वर्मा, डॉ बसंत यादव, पूर्व जनपद सदस्य डॉ महेंद्र निषाद, पूर्व सरपंच लक्ष्मीकांत वर्मा, सुरेंद्र निषाद सहित अन्य की उपस्थिति में सांस्कृतिक संध्या तहत ग्रामवासियों के मनोरंजन को लेकर लोक सांस्कृतिक संस्था गंवईहा ने प्रस्तुति दी। इस दौरान जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि आमनेर नदी की गोद में बसे कामठा को बिजलदेही माता का आशीर्वाद है। यह पूरा क्षेत्र समाज की सभी धाराओं का नेतृत्व करता रहा है, यहां के वरिष्ठ और युवा शिक्षा साथ जागृति की मशाल लेकर हमेशा चलते हैं। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग समाज में शिक्षा, संस्कृति के साथ साथ परविर्तन के वाहक होते है। इस अवसर पर शिवम निषाद, चंद्रेश यादव, संजू विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, संदीप यादव, देवलाल वर्मा, अजय वर्मा, जीतेश निषाद, गीतेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# एचएम रामलाल को मिला मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासकीय प्राथमिक शाला कट्टहा नवागांव प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक रामलाल साहू को बेहतर गुणवत्ता पूर्ण, रोचक तरीके से बच्चों को नवाचार शिक्षा देने के कारण शिक्षा संभागीय कार्यालय दुर्ग के मंथन सभागार में आयोजित विभागीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत उत्कृष्ट प्रधान पाठक का सम्मान दिया गया। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आरएल ठाकुर संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग, एएनव्ही स्वामी सहायक संचालक, एचएस वर्मा उप संचालक, अरविन्द मिश्रा डीईओ दुर्ग द्वारा प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

### पहले भी मिल चुका सम्मान

गौरतलब है कि प्रपा रामलाल साहू को ग्राम पंचायत, राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न, बेस्ट टीएलएम के लिए जिला प्रशासन,राज्य अलंकरण शिक्षा रत्न, एसबीआई सम्मान, स्कूल लीडरशीप बेस्ट प्रैक्टिस अवार्ड, बेस्ट जादुई पिटारा के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। सरपंच बेदराम साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष शीतराम जोशी, सहायक शिक्षक नीलम कुमार वर्मा ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर किया है। प्रधान पाठक रामलाल साहू ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा कि यह बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान सहित विभाग के अन्य अधिकारियों के सतत मार्गदर्शन से संभव हो पाया है।

# एकता के लिए दौड़े नागरिक

## अधिकारी-कर्मचारियों ने ली एकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एकता और अखंडता को बढ़ावा देना और नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ लिया।

कलेक्टर परिसर से बस स्टैंड तक सदभावना एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने राष्ट्रीय एकता पर बल दिया। एसपी यशपाल सिंह ने सरदार पटेल के जीवन और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों को सरदार पटेल के योगदान और उनकी नेतृत्व क्षमता से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। एकता दौड़ में अधिकारी- कर्मचारी और प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेंद्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।




### वैज्ञानिकों से अखिल जैन ने की चर्चा

**खैरागढ़।** इंदिरा गांधी कृषि विवि में आयोजित चार दिवसीय एग्री कार्निवाल राष्ट्रीय किसान मेला व प्रदर्शनी मे मनोहर गौशाला का स्टॉल लगा। गौशाला स्टॉल में मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ.अखिल जैन ने किसानों, वैज्ञानिकों, कृषि कॉलेज के स्टुडेंट्स के साथ ही अन्य को समूह बनाकर फसल अमृत और मनोहर आर्गेनिक गोल्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया। नेचुरल फार्मिंग पर आयोजित कार्यशाला में वैज्ञानिकों के बीच अपना उद्बोधन दिया जिसकी सभी ने प्रशंसा की और मनोहर गौशाला में बन रहे फसल अमृत और आर्गेनिक गोल्ड की भी सराहना की। कार्यशाला में कृषि मंत्रालय भारत सरकार रीजनल सेंटर ऑफ आर्गेनिक एंड नेचुरल फार्मिंग के रीजनल डायरेक्टर डॉ.अजय सिंह राजपूत, इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर के डीन डॉ. बीके दास से फसल अमृत शोध पर अखिल जैन ने विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर पद्मश्री हुकुम चंद पाटीदार, भारत सरकार कृषि मंत्रालय के डायरेक्टर गणेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राज्योत्सव का आगाज

**खैरागढ़।** राज्य स्थापना दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा फतेह सिंह मैदान में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का रंगारंग शुभारंभ हुआ। कॉलेज और स्कूली छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। वहीं जिला स्तर पर लगाए गए स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सभापति घम्मन साहू, नपा अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल द्वारा दीप प्रज्वलन व विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद सभी ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। आयोजन की इसी कड़ी में वेसलियन अंग्रेजी माध्यम स्कूल द्वारा सामूहिक गीत नृत्य अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी हिंदी माध्यम के बच्चों ने सुआ गीत पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मदुराकुही के बच्चों ने बारहमासी गीत, विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सरगुजिया नृत्य किया। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक शाला के बच्चों ने सामूहिक दुर्गा पूजा बंगाली नृत्य, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला खैरागढ़ के बच्चों ने कर्मा नाचे ल जाबो गीत पर सामूहिक नृत्य और डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी उमा शाला के बच्चों ने कर्मा के ताल मा झूमबो गीत पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अलावा वीरांगना अवंतीबाई कॉलेज छुईखदान, नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह, रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित रानी अवंतीबाई लोधी कृषि कॉलेज छुईखदान के छात्र-छात्राओं ने भी शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।



एजेंसी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को
मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला के अंतर्गत मोहला में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, राजनांदगांव
दुर्गा चौक राजनांदगांव
मो. 8319268069
9425565082
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

8 रात व 9 दिन
Ex हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### बलवीर गजानंद स्वाभिमानी का बदलता हुआ तस्वीर



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम गिरधारी कापा-भोलवापारा निवासी बलवीर विश्वकर्मा पिता गजानंद विश्वकर्मा कुण्डा क्षेत्र के जाने-माने लोहार व बढ़ाई है जो लोहे व लकड़ी का समान बनाते हैं जैसे बैलगाड़ी का चक्का, दरवाजा, नागर और किसान के लिए धान-कटाई के लिए हसिया, कुदरी जैसे सैकड़ों औजार बनाते थे। बलवीर विश्वकर्मा रिपिन के सहायता से गिरधारी कापा नया तालाब के किनारे पर बरगद का पेड़ में चढ़कर बलवीर अपने हिसाब में कुछ ना कुछ बनाता गया कभी चिड़िया, गणेश, घर व देवी-देवताओं की तस्वीर पेंटिंग बनाने की कोशिश करता गया और स्कूल के सभी बच्चे उनसे फुल और अपना नाम को डिजाइन में लिखवाने लगे। बलवीर के हाथों ऐसी कलाकारी है कि वह मिनटों में हुबहू तस्वीर तैयार कर लेता है, उसकी इस कलाकारी से ही उसे तिनका-तिनका राष्ट्रीय अवार्ड हासिल हुआ है।

### 14 नवम्बर से ओपन की तृतीय अवसर परीक्षा

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूली सर्टीफिकेट परीक्षा का तृतीय अवसर परीक्षा 14 से 29 नवम्बर तक आयोजित है। प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक परीक्षा होगी। समय सारणाी स्कूल की सूचना फलक पर चस्पा की दी गई है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर की वेबसाइट पर जाकर डाऊनलोड कर सकते है या ऑनलाइन डाऊनलोड कर सकते है।


# कवर्धा के खिलाड़ी का इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा संकल्प अकादमी के हॉकी खिलाडी सतीश कश्यप का चयन 14वीं इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप के लिए हुआ है, जिस पर सतीश सेंटर हाफ की पोजिशन पर खेलते है जो 02 से 06 अक्टूबर तक बिलासपुर के हॉकी टर्फ मैदान में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हुई थी, जिसमे कवर्धा की टीम ने शानदार मनमोहक प्रदर्शन से मैच जीत कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया।

जिसमे उनका मैच सेंट्रल रेलवे के बीच खेला गया, जिसमे उनको हार का सामना करना पड़ा।

### तमिलनाडू के चेन्नई में प्रतियोगिता आयोजित



यह प्रतियोगिता तमिलनाडू राज्य के जिला चेन्नई के राधाकृष्णन में आयोजित की गई है जो 04 से 16 नवम्बर तक 12 दिनों तक आयोजित होगी, जिसमे भारत वर्ष के सभी राज्य के खिलाड़ी शामिल होंगें। इस इंडिया सीनियर पुरूष हॉकी प्रतियोगिता में चयन पर संघ के अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, जिला वनमण्डल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल की प्राचार्य एम शारदा, प्रबंधक आदित्य चंद्रवंशी, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी हफीज कुरैशी, क्रीड़ा अधिकारी दिनेश साहू कोच एवं सचिव अविनाश चौहान, जयकिशन चौहान, राजा जोशी, सुमित निषाद, तिजेश्वरी मेरावी, गणेश यादव, धनेश्वर साहू, ईश्वर साहू, शैलेंद्र वर्मा एवं सभी ने चयनित खिलाड़ी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उक्त प्रतियोगिता में सतीश के प्रदर्शन को देख चयनकर्ता का ध्यान सतीश पर गया और उसका चयन किया गया। इस 14वीं इंडिया सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगीता के लिए राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय टर्फ हॉकी मैदान में 19 से 26 अक्टूबर तक सात दिनों का कोचिंग कैम्प रखा गया था, जिसमे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मृणाल चौबे द्वारा खेल की बारीकियां सिखाई गई एवं कैम्प का मुख्य उद्देश्य सभी जगह के चयनित खिलाड़ियो का आपस में समन्वय बनाना होता है, जिससे की अलग-अलग स्थान के चयनित खिलाड़ी आपस में एक-दूसरे खिलाड़ी के भाव को समझ सके और एक टीम के रूप में खेल सके।

### पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार कर रही छत्तीसगढ़ सरकार : विधायक

# राज्योत्सव में झूम उठा कवर्धा, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर की प्रस्तुति से मुग्ध हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में भव्य राज्योत्सव के रूप में मनाया गया। शाम 5:30 बजे से छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति व रीति रिवाजों पर आधारित अलग-अलग कार्यक्रमों की प्रस्तुति होती रही। राज्योत्सव के मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद राजकीय गीत के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की स्तुति की गई, इसके पहले मुख्य अतिथि सहित गणमान्य जन प्रतिनिधियों के साथ राज्य शासन योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित विकास सह-प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ चहूमुखी विकास कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्योत्सव पूरे छत्तीसगढ़ में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का छत्तीसगढ़ को सिरमौर्य बनाने का सपना प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरा होगा और छत्तीसगढ़ नई ऊंचाइयों को छु रहा है। विधायक श्री अग्रवाल ने राज्य बनने के समय की यादें साझा करते हुए बताया कि, जब छत्तीसगढ़ के लिए विधेयक संसद में पारित हुआ और सभी विधायकों के मन में खुशी थी कि वर्षों का सपना साकार हुआ। राज्य गठन के समय लोगों में भविष्य की चिंता थी, खासकर आर्थिक संबल को लेकर। लेकिन आज छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है और पूरे देश के लिए एक आशा का केंद्र बन चुका है, जिसका श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। विधायक अमर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ की संपन्नता का जिक्र करते हुए बताया कि राज्य की धरती खनिज संपदा से भरपूर है। उन्होंने डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में 15 वर्षों तक हुए विकास की भी सराहना की, जिससे प्रदेश के सभी जिलों में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य, और शिक्षा व्यवस्था साकार हुई। उन्होंने उल्लेख किया कि नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ का संपूर्ण कनेक्टिविटी नेटवर्क बेहतर हुआ है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान से इसे और विस्तार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में एम्स, आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थानों की स्थापना से शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। पहले जहां केवल 5 प्रतिशत युवा कॉलेज जाते थे, वहीं आज 25 प्रतिशत युवा उच्च शिक्षा में शामिल हो रहे हैं। पंचायतों के माध्यम से 2 लाख शिक्षकों की भर्ती की गई, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार आया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी दर्ज की गई है।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी गई प्रस्तुति

एक दिवसीय राज्योत्सव में जैसे जैसे आकाश में चांदनी फैलती रही ठीक उसी अंदाज में राज्योत्व महोत्सव मंच कर छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति की कार्यक्रमों की प्रस्तुति का सिलसिला बढ़ता रहा। जिले के स्कूली बच्चों ने राज्योत्सव के कार्यक्रमों की खुबसुरती बढ़ा दी। छत्तीसगढ़ के पद्श्री अनुज शर्मा ने राज्योत्सव में समां बाध दिया। कबीरधाम जिले के दर्शक छत्तीसगढ की कला और संस्कृति में सरोबर हो गए। दर्शकों ने एक से बड़ के एक छत्तीसगढ़ी गीतों का आंनद उठाया। इसके साथ ही क्लासिकल म्युजिकल्स कवर्धा के अंतर्गत तुलेश्वर शर्मा द्वारा सुनहरी यादें की प्रस्तुति दी गई। जिसमें शास्त्रीय संगीत की महक दर्शकों तक पहुंची। छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत का कार्यक्रम रजऊ साहू और उनके साथी द्वारा प्रस्तुती दी गई।

# समिति कर्मचारियों की तीन सूत्रीय मांग, अनिश्चित कालीन आंदोलन पर बैठे



- प्रदेश के छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी दुर्ग में एकात्रित।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ तीन सूत्रीय मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन आंदोलन 4 नवम्बर से मांग पूर्ति तक को लेकर शासन प्रशासन के प्रति अंसतोष व्याप्त है।

जिस पर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने अपनी लम्बित मांगों को शीघ्र पूर्ति करने हेतु आदेश प्रसारित करते की अपील की गई अन्यथा छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ 4 नवम्बर से अनिश्चित कालीन अंदोलन पर है। जिसमें उनकी प्रमुख लंबित मांगें मध्यप्रदेश सरकार के तर्ज पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के सोसायटियों को 3-3 लाख रूपए प्रबंधकीय अनुदान प्रति वर्ष दिया जाएं ताकि समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन दिया जा सकें, धान उपार्जन नीति में धान मे सुखत का प्रावधान किया जाएं तथा सोसायटी कर्मचारी सेवा नियम 2018 संशोधित हेतु लंबित है, संघ के मांग अनुसार कुछ कंडिकाओं में संशोघन किया जाएं।

इस अनिश्चित कालीन आंदोलन में प्रदेश संरक्षक ईश्वरी साहू, प्रदेश संरक्षक रायपुर विमल वर्मा, प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र साहू, प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास, प्रदेश कोषाध्यक्ष जागेश्वर साहू, गजेन्द्र देशमुख, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधर सोनी, गंगा दास मानिकपुरी, आरिफ खान, जिलाध्यक्ष भाई लाल देवांगन, किशुन लाल देवांगन, यशवंत वर्मा, जगमोहित साहू, धनश्याम चंद्रवंशी सहित कार्यकर्ता तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सैकड़ो की संख्या में दुर्ग अनिश्चित कालीन आंदोलन में है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# भाई ने नशे की हालात में सगे को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

देश प्रदेश सहित जिले में अपराध व आपराधिक घटनाएं थमने की नाम नहीं ले रही है। ताजा मामले में बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत रघुपारा में अज्ञात कारणों के चलते छोटे भाई ने सगे बड़े भाई की कुदारी मारकर हत्या कर दी। ग्रामीणों की सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को शाम 6 साढ़े 6:30 बजे के दरमियान ग्राम रघुपारा में पूर्व सरपंच काशीराम के छोटे पुत्र भागबली मेरावी ने अपने बड़े भाई गोपाल मेरावी पिता काशीराम आयु 40 वर्ष की नशे की हालत में कुदारी मारकर हत्या कर दी गई जिसकी सूचना बोड़ला पुलिस टीम व डायल 112 को दी गई वहीं टीम घटनास्थल पर पुलिस टीम व डॉयल 112 द्वारा सा मु दा यि क स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया जहां ईलाज के दौरान उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया। वहीं बोड़ला पुलिस हत्या की जांच में जुट गई है तथा आरोपी की पतासाजी की जा रही है।



# स्कूल परिसर में बिजली ट्रांसफार्मर होने से स्कूली बच्चों को खतरा

- मुखबिर की सूचना पर स.लोहारा पुलिस ने की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत डबराभाट स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल परिषर में बिजली ट्रांसफार्मर स्थित है, जिनके कारण अध्ययनरत स्कूली छात्र छात्राओं को हमेशा खतरा व छोटे बड़े दुर्घटना की आंशका बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार स्कूली बच्चों खेल-कूद करते समय खेलते-खेलते बिजली ट्रांसफार्मर तक पहुंच जाते हैं, जिससे कभी भी स्कूली बच्चों को हादसा दुर्घटना हो सकता है।

जिस पर ग्रामीणों व पालकों ने विभागीय अधिकारियों तथा जिम्मेदारों एवं शासन प्रशासन शाला विकास समिति को ध्यान देने कि अपील की गई ताकि अध्ययनरत स्कूल छात्र छात्राओं को सुरक्षित हो सके तथा बिजली ट्रांसफार्मर को स्कूल परिषर से हटाया जाए।






### नई फसल की तैयारी में जुटे ग्रामीण क्षेत्र के किसान

**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली पर्व के बाद धान की कटाई युद्ध स्तर पर किया जा रहा है वहीं दूसरे तरफ धान की कटाई के बाद अब किसान ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों की जोताई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है ताकि गेहूं, चना, बटर व मसुर की बुवाई कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हाइब्रिड धान की कटाई बाद अब नई फसल की तैयारी शुरू हो गई है धान के बाद चना, गेहूं और अन्य खरीफ फसल लेने के खेती किसानी कार्य में जुटे हुए है। ग्राम नाऊडीह के निवासी राहुल मानिकपुरी ने बताया कि ग्रामीण अंचल के किसान इन समय खेतों में धान की फसल की कटाई मिजाई कर अब ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों की जोताई कर रहे हैं ताकि चना गेहूं और बटर मसूर की फसल की अच्छे पैदावार हो सके।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

### ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी मूलभूत समस्याओं के बारे में जानकारी ली

# एसपी धर्मेन्द्र ने वनांचल क्षेत्र का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने सुंदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम धनवाही का दौरा किया, इस दौरे का उद्देश्य क्षेत्र में संचालित सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेना और स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझना था। एसपी श्री सिंह ने पुलिस कैंप का निरीक्षण कर जवानों से मुलाकात की और उन्हें सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होने पुलिस कैंप में तैनात जवानों से सुरक्षा प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की और उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं कि सराहना की। उन्होंने जवानों की व्यक्तिगत समस्याओं एवं उनके काम-काजी जरूरतों को भी समझा और आवश्यक सुधारों का भरोसा दिलाया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे सुंदूर क्षेत्रों में कार्य करते हुए न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखें, बल्कि समाज में सुरक्षा का माहौल भी बनाए रखें। उन्होंने जवानों को नियमित गशत करने, सतर्कता बढ़ाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्यवाही करने निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने ग्राम धनवाही के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी मूलभूत समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से सड़क, पानी, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी दिक्कतों को लेकर चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा ताकि समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जा सके। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक के इस कदम की सराहना की और कहा कि उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनना पुलिस प्रशासन की जनता के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

एसपी श्री सिंह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि पुलिस की उपस्थिति केवल अपराधों पर नियंत्रण रखने के लिए नहीं, बल्कि ग्रामीणों के बीच विश्वास और सुरक्षा का वातावरण बनाने के लिए भी है। इस दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना है, ताकि लोगों को सुरक्षित जीवन का अनुभव हो। पुलिस अधीक्षक ने अपने दौरे के दौरान जवानों को कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करने की सलाह दी।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** फसल परिवहन के पूर्व शासन-प्रशासन तथा विभागों ने नहीं किया मरम्मत कार्य

# खस्ताहाल सड़कों से किसान कैसे करेंगे धान व गन्ना का परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/कोलेगांव

राज्य शासन के निर्देशानुसार आने वाले 15 नवम्बर से प्रदेश सहित जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ कर दी जाएगी और संभवतः देवउठनी एकादशी के बाद से जिले के गन्ना उत्पादक किसान भी अपनी फसल की कटाई शुरू कर देंगे। ऐसे में धान खरीदी केन्द्रों से लेकर जिले में संचालित की जाने वाली गुड़ फैक्ट्री और सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों में फसलों का परिवहन प्रारंभ हो जाएगा। लेकिन माना जा रहा है कि हर बार की तरह इस बार भी जिले के किसानो को अपनी फसल परिवहन करने में खासी मसक्कत के साथ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि जिले में विशेषकर ग्रामीण अंचलों में फसल परिवहन के पूर्व खस्ताहाल और जर्जर सड़कों में कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है, जो निश्चित रूप से फसल परिवहन में किसानो के लिए एक बड़ी समस्या खड़ी कर सकती है। जानकारी के मुताबिक सबसे ज्यादा परेशानी विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के किसानो को उठानी पड़ सकती है। क्योंकि इस क्षेत्र में किसानो के द्वारा धान परिवहन के साथ ही बड़ी मात्रा में गन्ना का भी परिवहन किया जाता है। लेकिन इस क्षेत्र की सड़कों की बात की जाए तो वह बेहद खराब है। फिर चाहे वह प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क हो या मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क हो या फिर लोक निर्माण विभाग की सड़क हो सभी का हाल कमोबेश एक जैसा ही है। जानकारी के मुताबिक विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम अमलीमालगी से कुआंमलगी, कोलेगांव से हथमुड़ी की प्रधानमंत्री सड़क इस समय पुरी तरह से जर्जर और खस्ताहाल पड़ी है। सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जिनमें सामान्य वाहनो का भी चलना मुश्किल हो रहा है ऐसे में किसान इस बात को लेकर चिंतित है कि वे गन्ना तथा धान से भरे अपने वाहनो को कैसे ठिकाने तक पहुंचा पाएंगे। यहीं हाल कुण्डा से महली मार्ग का भी है। इसके अलावा ऐसे कई मार्ग है जो जर्जर और खस्ताहाल है जिनमें वास्तव में फसल परिवहन करना किसानो के लिए टेढ़ी खीर है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि शासन-प्रशासन को इसकी कोई चिंता नहीं है। यहीं वजह है कि फसल परिवहन के पूर्व इन खस्ताहाल सड़कों की कोई सुध नहीं ली गई है और इनकी मरम्मत अब तक नहीं की गई है।

**अंचल के किसानो ने फसल परिवहन पूर्व सड़क मरम्मत की रखी मांग**



क्षेत्र के किसानो ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अभी धान तथा गन्ना परिवहन को कुछ वक्त बाकी है। इस बीच शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग को चाहिए की वह क्षेत्र की ज्यादा खराब सड़कों को चिन्हांकित कर कम से कम सड़क में निर्मित बड़े-बड़े गड्ढो में मुरूम अथवा बजरी डालकर उसकी मरम्मत करा दे ताकि किसानो को अपनी फसलों के परिवहन करने में ज्यादा परेशानियों को सामना न करना पड़े। अब देखने वाली बात होगी कि शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग किसानों की इस मांग पर कितना कान देती है।

**किसानो को उठाना पड़ता है भारी नुकसान**

यहां बताना लाजिमी होगा कि अंचल की इन खस्ताहाल सड़कों से फसल परिवहन करने में एक तो हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इसके अलावा फसलों से भरे वाहनो को भी भारी नुकसान होता है। किसानो की माने तो इन खस्ताहाल सड़कों में वाहनो के टायर पंचर होना, टायर फटना, वाहनो पट्टा टूटने सहित अन्य टूट फूट होना आम बात है। जिससे किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।



# शाम को डीजे में किया डांस, सुबह फंदे पर लटका मिला युवक का शव

■ पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर के आम बगीचे में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर में मंगलवार की सुबह पुलिस ने एक ग्रामीण का फांसी में लटका शव बरामद किया है। हालांकि शव की स्थिति परिस्थिति को देखते हुए पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है। वहीं पुलिस ने शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बैजलपुर के ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह गांव के आम बगीचे में स्थानीय निवासी मुकेश साहू का शव फांसी के फंदे में लटका देखा और इसकी जानकारी तत्काल मृतक के परिजनो के साथ ही पिपरिया पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर पंचनामा पश्चात मर्ग कायम कर लिया है। शव की स्थिति परिस्थिति को देखते हुए पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। वहीं ग्रामीणों की माने तो मुकेश को 4 नवम्बर की शाम को लक्ष्मी विसर्जन के दौरान डीजे में नाचते झूमते देखा गया था वहीं 5 नवम्बर की सुबह उसका शव फांसी में लटका मिला है। ग्रामीण ये नहीं समझ पा रहे है कि जो युवक शाम को लक्ष्मी विसर्जन के दौरान डीजे में नाच और झूम रहा था वह भला अचानक आत्महत्या कैसे कर सकता है। इस घटना को लेकर गांव में सनसनी फैल गई है। हालांकि यह बात भी निकलकर आई है कि मुकेश शराब का आदी था और हमेशा नशे में धुत्त रहता था इस बात को लेकर उसका अपनी पत्नी से भी हमेशा विवाद होते रहता था।

**खबर संक्षेप**

## तीन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कैम्प में





**हरिभूमि बोड़ला।** बोड़ला स्वामी विवेकानंद कॉलेज की तीन खिलाड़ियों का सलेक्शन राज्य स्तरीय हॉकी कैंप दुर्ग के लिए हुआ है। इनमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ममतेश्वरी व अंजली और बीकॉम की छात्रा हेमलता साहू शामिल हैं। दुर्ग में 5 से 9 नवंबर तक हॉकी कैंप लगना है। उसके बाद 11 से 16 नवंबर तक यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए संबलपुर (ओडिशा) के लिए भी तीनों का चयन हुआ है। बोड़ला ब्लॉक के ग्रामीण अंचल से पहली बार 3 खिलाड़ी छात्रा का चयन यूनिवर्सिटी स्तर पर हुआ है। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गीता यादव अभी इंडिया कैंप में छत्तीसगढ़ की प्रतिनिधित्व कर रही है। महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक बोड़ला कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं, जिससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं व प्राध्यापकों में हर्ष है।

## डीएलएड की परीक्षा की समय सारिणी घोषित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने डीएलएड प्रथम, द्वितीय वर्ष पूरक व अवसर परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी समय सारिणी के मुताबिक यह परीक्षा 18 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी।

# तेज रफ्तार कार ने दूसरी खड़ी कार को मारी टक्कर, एक व्यक्ति गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/ कुई कुकदूर



जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में एक बार फिर भीषण सड़क दुर्घटना देखने को मिली है। जिसमें एक तेज रफ्तार कार चालक ने सड़क किनारे खड़ी दूसरी कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सड़क किनारे खड़ी कार में बैठा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि अभी तक इस मामले में पुलिस कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 3.00 बजे कुछ लोग कार क्रमांक एमपी 52 सीएम 1267 में सवार होकर पंडरिया की तरफ आ रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान किसी कारणवश ये कार सवार ग्राम चितराहिन के पास रूके हुए थे। कार में सवार अन्य लोग तो नीचे उतर गए थे लेकिन एक व्यक्ति कार में ही बैठा था। इसी बीच पंडरिया की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 बीडी 9444 के अज्ञात चालक ने तेजरफ्तार से लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए खड़ी कार में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पंडरिया की तरफ से आ रही कार की रफ्तार इतनी तेज थी की उसकी ठोकर से खड़ी कार पलट गई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं खड़ी कार में बैठा व्यक्ति के सिर में चोट आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करा दिया है। लेकिन अभी तक आरोपी चालक के संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।

# बोर्ड मूल्यांकन की राशि हुई जमा टीचर्स एसोसिएशन ने उठाया था मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से जिले के शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन राशि का भुगतान कर दिया गया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले के एक मात्र मूल्यांकन केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कवर्धा में छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित दसवीं व बारहवीं के वार्षिक परीक्षा-2024 के उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कार्य विगत मार्च अप्रैल में किया गया था, लेकिन मूल्यांकन के सात माह बाद भी शिक्षकों को पारिश्रमिक राशि का भुगतान नहीं किया गया था। एसोसिएशन ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए पारिश्रमिक राशि का भुगतान अविलम्ब करने की मांग किया था, जिसके बाद राशि जमा किया गया है। जिले में मूल्यांकन कार्य में शामिल तीन सौ शिक्षकों को 21 लाख 77 हजार राशि उनके खाते में अंतरित किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने मूल्यांकन केंद्र प्रभारी प्राचार्य आरपी सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बोर्ड को आगामी समय में मूल्यांकन के तत्काल बाद राशि जमा करने की नसीहत दिया है।

## आवक ...



**कवर्धा।** नगर के बाजार में पहुंचने लगी बाहरी और लोकल आंवला की खेप।

# जिला कांग्रेस कमेटी का प्रदेश सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन आज

■ कवर्धा कांग्रेस भवन में आयोजित किया जाएगा धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम ने एक बार फिर से जिला मुख्यालय कवर्धा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है।

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर तथा कबीरधाम जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी निर्देशानुसार 6 नवम्बर को दोपहर 12.00 बजे कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में भाजपा सरकार चौपट कानून व्यवस्था के चलते बलरामपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा में पुलिस प्रताड़ना से हुई युवक की मौत तथा कबीर आश्रम दामाखेड़ा में दर्जनों हथियार बंद लोगों द्वारा वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब की हत्या की नियत से किए गए हमले के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री साहू ने इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी जिला मुख्यालय कवर्धा में ही प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर एक बड़ा धरना प्रदर्शन व घेराव कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है।

## नीरज मंजीत ने कनाडा में हिंदुओं पर हमले की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

साहित्यकार नीरज मनजीत ने कनाडा में कुछ अलगाववादी खालिस्तानी लोगों द्वारा हिन्दू मंदिरों एवं शांतिप्रिय कनाडाई हिन्दू नागरिकों पर हमले को लेकर उनकी कड़ी भ्रत्सना की है। एक विज्ञप्ति जारी करके उन्होंने कनाडा की सरकार एवं पुलिस की भी कड़ी निंदा की है, जिन्होंने चरमपंथी खालिस्तानी तत्वों को हमले की खुली छूट देकर उल्टे निर्दोष और पीड़ित हिंदुओं पर पुलिसिया जुल्म ढाया है। उन्होने कनाड़ा सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

**सभी घरों में 15 दिनों के भीतर स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश**

# जल जीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्तापूर्ण करें कार्य: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कवर्धा विकासखंड के ग्राम दौजरी का कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को दौरा कर केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा प्राथमिकता में रखे गए जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन, नल कनेक्शन और जल आपूर्ति की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों के घरों में पहुंचकर पाइपलाइन की गुणवत्ता, नल की कार्यक्षमता और जल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने पाया कि कुछ स्थानों पर पाइपलाइन का कार्य सही ढंग से पूरा नहीं होने के कारण लीक होने से पानी बह रहा था। कलेक्टर ने लापरवाही पूर्वक कार्य के लिए ठेकेदार पर कड़ी नाराजगी जताई। इस स्थिति पर उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पाइपलाइन लीकेज को शीघ्र अति शीघ्र सुधारा जाए, ताकि ग्रामीणों को सुचारू रूप से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। कही भी शिकायत नहीं मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने गांव में पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने कलेक्टर को बताया कि गांव में कुल 319 घरों में पेयजल आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से अब तक 210 घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बाकी घरों में जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू करने के लिए कार्य प्रगति पर है और अगले कुछ दिनों में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी घरों में 15 दिनों के भीतर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वाकांक्षी मिशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कुटेली में योग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला मुख्यालय कवर्धा से 8 किलो मीटर दूर ग्राम कुटेली में पतंजलि योग समिति जिला कबीरधाम के तत्वाधान में तीन दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी योगाचार्य सुरेश चंद्रवंशी ने ग्रामीणों को योग के महत्व को समझाते हुए बताया कि वर्तमान में विभिन्न प्रकार के बीमारियों से बचने का एक ही सशक्त माध्यम है योग प्राणायाम जिसको करके व्यक्ति जीवन को आनंद पूर्वक भोग सकता है। उन्होने ग्रामीणों को योग प्राणायाम से हमारे शरीर पर होने वाले प्रभाव और रोगों के निवारण के संदर्भ में समुचित जानकारी दी गई। श्री चंद्रवंशी ने बताया की आज के इस प्रदूषित वातावरण में हमारा रहन-सहन, खानपान, आचार्य व्यवहार सब कुछ दूषित हो चुका है। इससे बचने का सिर्फ और सिर्फ एक ही रास्ता है योग प्राणायाम। कार्यक्रम के अंतिम दिन बच्चों को नैतिक शिक्षा के साथ-साथ जीवन में व्यसन नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। ग्रामवासियों ने आगामी समय में और योग शिविर लगाने की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गणेश मरकाम उपसरपंच, रामानुज कौशिक पंच, गौतम कौशिक, नागेश्वर कौशिक, शशि ठाकुर, रमेश साहू, त्रिलोकी कौशिक, लालजी कौशिक गणपत, प्रभु, मेलू श्रीवास, प्रकाश, सावित्री कौशिक, चुन्नी, गुलाबा, दुखिया, रमता, दिनेश, बलराम कौशिक, महेन्द्र, नेतराम, पप्पू यादव, रामेंद्र, कमल, यशवंत, दिनेश कौशिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।